This question paper contains 8 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5174**

Unique Paper Code : **205140**

E

Name of the Paper : **Hindi (B)**

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Semester : **I**

Duration : **3 Hours**

Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 9+9=18

(क) आपने माई लार्ड ! जब से भारत में पधारे हैं, बुलबुलों का स्वप्न ही देखा है या सचमुच कोई करने योग्य काम भी किया है ? खाली अपना ख्याल ही पूरा किया है यहाँ की प्रजा के लिए भी कुछ कर्त्तव्य पालन किया है ? एक बार यह बातें बड़ी धीरता से मन में विचारिए। आपकी भारत में स्थिति की अवधि के पाँच वर्ष पूरे हो गए। अब यदि आप कुछ दिन रहेंगे तो सूद में, मूलधन समाप्त हो चुका। हिसाब कीजिए नुमायशी

कामों के सिवा काम की बात आप कौनसी कर चले हैं और भड़कबाजी के सिवा ड्यूटी और कर्त्तव्य की ओर आपका इस देश में आकर कब ध्यान रहा है ?

(1) उपर्युक्त पंक्तियों में लॉर्ड कर्जन की किस नीति का वर्णन है ? बताइये।

(2) ''यदि आप कुछ दिन रहेंगे तो सूद में, मूलधन समाप्त हो चुका।'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(3) विलोम शब्द लिखिए :

योग्य

खाली

नीति

(ख) जिनका सब कुछ अभी इस नर्मदा ने नष्ट कर दिया है, उसी की 'जय' बोल रहे हैं। यह क्या मामला है ? मुझे याद आया, कृषि–सभ्यता से यह श्रद्धा चली आ रही है। यह भारतीय मानस से मिटेगी नहीं। नदी जीवनदायिनी भी है और विनाशकारिणी भी। पर विनाश के बाद जीवन वहीं फिर बस जाता है और नए विनाश की राह देखता है। विनाश को भूलकर जीवन फिर वहीं आ जाता है। जिजीविषा बड़ी प्रबल होती है। मनुष्य मृत्यु पर विजय पाने की हर क्षण कोशिश करता है, घायल हो जाता है, पर फिर लड़ने को तैयार हो जाता है।

(1) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठ से ली गयी हैं और इसके रचनाकार का नाम बताइये।

(2) लेखक ने नदी को जीवनदायिनी के साथ ही विनाशकारिणी भी कहा है—क्यों ?

(3) "जिजीविषा बड़ी प्रबल होती है"—से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(ग) किशोर को भी बड़ा अफसोस है। उसने सारा शहर छान मारा, पर बहादुर नहीं मिला। किशोर आकर कहने लगा—अम्माँ, एक बार भी अगर बहादुर आ जाता तो मैं उसको पकड़ लेता और कभी जाने न देता। उससे माफी माँग लेता और कभी नहीं मारता। सच, अब ऐसा नौकर कभी नहीं मिलेगा। कितना आराम दे गया है वह। अगर वह कुछ चुराकर ले गया होता तो सन्तोष हो जाता.....

निर्मला आँखों पर आँचल रखकर रोने लगी। मुझे बड़ा क्रोध आया। मैं चिल्लाना चाहता था पर भीतर-ही-भीतर मेरा कलेजा जैसे बैठ रहा हो। मैं वहीं चारपाई पर सिर झुकाकर बैठ गया। मुझे एक अजीब-सी लघुता का अनुभव हो रहा था। यदि मैं न मारता तो शायद वह न जाता।

(1) निर्मला को रोता देख लेखक क्यों चिल्लाना चाहता था ?

(2) मुझे एक अजीब-सी लघुता का अनुभव हो रहा था—इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(3) दिए गए शब्दों का एक-एक पर्यायवाची लिखिए :

नौकर

नदी

आँख

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(i) 'कुटज' निबंध में लेखक द्वारा बताये गये कुटज के विभिन्न अर्थों को स्पष्ट कीजिए।

(कुटज)

(ii) अनुताप का अर्थ स्पष्ट करते हुए जीवन में उसकी उपयोगिता पर विचार कीजिए।

(अनुताप की महिमा)

(iii) डाकू बाल्मीकि का हृदय परिवर्तन कैसे हो गया ? (शुभकामना : एक जीवन तत्व)

(iv) नैतिकता क्या है ? समाज में इसका जन्म कैसे होता है ?

(नैतिकता का स्रोत)

(v) शहीद रामप्रसाद बिस्मिल का नौजवानों पर क्या प्रभाव पड़ा?

(रामप्रसाद बिस्मिल का अंतिम संदेश)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(i) 'परख' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ii) गरिमा के पिता उसका विवाह किससे करना चाहते थे और क्यों ?

(iii) कट्टो का नामकरण किसने किया और क्यों ?

(iv) सत्यधन किन आदर्शों का पालन करना चाहते थे ?

(v) बिहारी और कट्टो के बीच कैसा सम्बन्ध था ?

(*vi*) गरिमा और कट्टो के व्यक्तित्व में क्या अंतर दिखाई पड़ता है ?

(*vii*) बिहारी कट्टो के लिए सत्यधन से अधिक उपयुक्त क्यों है ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) अमरनाथ झा एक शिक्षक और शिष्य के बीच किस तरह के सम्बन्ध की अपेक्षा रखते हैं ?

(जीवन-निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*ii*) बंगाल रंगमंच के विकास में शिशिर भादुड़ी का क्या योगदान था ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(*iii*) पुरुषोत्तम मंगेश लाड के चरित्र की **दो** विरोधात्मक प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए।

(अफसर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगलेश लाड)

(*iv*) क्या लक्ष्मीनारायण माथुर एक आदर्श अध्यापक थे ? स्पष्ट कीजिए।

(मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

(*v*) 'एक बाँसुरी वादक के रूप में पन्नालाल घोष ने बाँसुरी को नया आयाम दिया।' स्पष्ट कीजिए।

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(*vi*) पियर्स कौन थे और वह भारत क्यों आये ?

(आस्थावान अंग्रेजी शिक्षक : एफ.जी. पियर्स)

(*vii*) सुधीन्द्र नाथ के व्यक्तित्व की **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(द्रष्टा, कर्त्ता और कवि : सुधीन्द्र नाथ)

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 4

(1) मन के हारे हार है मन के जीते जीत

(2) सिनेमा समाज का दर्पण है

(3) सबसे बड़ा रुपया।

5. नीचे दिये गये अवतरण का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए। 4

महिलाएँ बाहर ही नहीं घर में भी असुरक्षित हैं। आज भी समाज में उन्हें अपने अधिकार नहीं मिल पाये हैं। इसके पीछे क्या कारण है ? क्या परिवार और समाज मिलकर उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं या फिर केवल परिवार ही, यह एक गम्भीर विषय है क्योंकि महिलाएँ प्रथमतः परिवार में ही यातना का शिकार होती हैं। अपने पढ़ने-लिखने, बाहर जाने के अधिकारों से वंचित होती हैं। परिवार ही वह संस्था है जो महिलाओं के पैरों में धर्म और सामाजिक अस्मिता की मोटी बेड़ियाँ पहनाने की पहल करता है। यही विचार समाज के अन्य वर्गों में भी फैल जाते हैं। धीरे-धीरे वह विचारधारा समाज के विभिन्न वर्गों पर अपना प्रभाव जमा लेती है।

6. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए : 8

(1) मीडिया की सामाजिक भूमिका

(2) बढ़ती महँगाई

(3) शिक्षा और समाज।

7. किसी **एक** घटना या स्थिति का चित्रण कीजिए : 7

(1) कॉलेज का प्रथम दिवस

(2) प्राकृतिक आपदा।

8. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार रूपांतरण कीजिए : 6

(1) रेखा गाना गाती है। (कर्मवाच्य)

(2) जो मेहनत करता है वही सफल होता है। (साधारण वाक्य)

(3) छत पर खेल रहा बच्चा नीचे गिर गया। (मिश्र वाक्य)

(4) लड़के मैदान में खेलेंगे। (भाववाच्य)

(5) लाल कोट वाला आदमी बात कर रहा है। (मिश्र वाक्य)

(6) पुरुषों के समान काम करने के बाद भी महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। (संयुक्त वाक्य)

9. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

आर्कषित

आत्मभिमान

व्यवहारिक

10. निम्नलिखित संक्षिप्तियों के पूर्ण रूप लिखिए : 3

अ.रा.ब.अ.

के.वि.

कृ.पृ.उ.